
आज़ादी का अमृत महोत्सव




# साप्ताहिक सूचना पत्र

(दिनांक 04.10.2021 से 09.10.2021)



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## BJP किसान मोर्चा से मुलाकात

(दिनांक 03.10.2021)



**विषय: BJP किसान मोर्चा से मुलाकात।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने चण्डीगढ़ स्थित अपने निवास पर चल रहे विशेष कार्यक्रम के तहत BJP किसान मोर्चा के सभी जिला, मंडल और प्रदेश कार्यकारणी सदस्यों के साथ मुलाकात की। किसान मोर्चा के सभी सदस्यों ने सरकार द्वारा किसानों के हित में चलाई जा रही योजनाओं के लिए माननीय मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद किया।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने किसान मोर्चा के सभी सदस्यों से प्रोग्रेसिव किसान को आगे लाने और योजनाओं का लाभ ज्यादा से ज्यादा किसानों को दिलवाने के साथ ही तीनों कानूनों के बारे में किसानों को समझाने का भी आवहान किया।

## BJP महिला मोर्चा से मुलाकात


(दिनांक 04.10.2021)



**विषय: BJP महिला मोर्चा से मुलाकात।**

**प्रभाव:** आज BJP महिला मोर्चा की सदस्यों ने चण्डीगढ़ स्थित मुख्यमंत्री आवास पर माननीय मुख्यमंत्री जी से मुलाकात कर महिलाओं के लिए सरकार द्वारा किए गए कार्यों के लिए मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद किया। माननीय मुख्यमंत्री जी ने महिला मोर्चा की सभी बहनों को ज्यादा से ज्यादा महिलाओं तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने और आगे आकर समाज का नेतृत्व करने का आवहान किया।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने विशेष रूप से इस बात पर बल दिया कि सभी स्वयं सहायता ग्रुप को आगे बढाने में सरकार अपना पूरा सहयोग देगी और महिला सशक्तिकरण में कहीं कोई कमी नहीं छोड़ेगी।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## ड्रोन कार्पोरेशन का गठन

(दिनांक 04.10.2021)



**विषय: ड्रोन कार्पोरेशन का गठन।**

**निर्णय:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में हरियाणा ड्रोन कार्पोरेशन का गठन किया गया। जिसके तहत निर्णय लिया गया कि :–


- अलग–2 विभागों के तहत आने वाले ड्रोन अब ड्रोन कार्पोरेशन के तहत ही काम करेंगे और सभी को इसी में सम्मिलित किया जाएगा।
- ड्रोन से संबंधित नीतियां और नियम बनाकर जल्द लागू किया जाएगा।
- ड्रोन कार्पोरेशन के माध्यम से ड्रोन की सहायता फसल वेरिफिकेशन, लेंड रिकार्ड, क्राइस कंट्रोल आदि में जी जाएगी।
- कार्पोरेशन ड्रोन उड़ाने की ट्रेनिंग और ड्रोन की निगरानी का भी कार्य करेगा।

## परिवार पहचान पत्र के तहत चल रहे सर्वे कार्य की समीक्षा

(दिनांक 04.10.2021)

**विषय: परिवार पहचान पत्र के तहत चल रहे सर्वे कार्य की समीक्षा।**

**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज चण्डीगढ़ स्थित हरियाणा निवास में सभी ADC और सोशल वर्कर प्रमुख के साथ PPP के तहत चल रहे सर्वे कार्य की समीक्षा की। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने पहले फेज के सर्वे कार्य की कमियों को दुर करने और दूसरे फेज के सर्वे को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए साथ ही सर्वे कार्य में आ रही तकनीकी दिक्कतों को दूर करने के लिए विभाग को निर्देश दिए ताकि जल्द से जल्द लोगों को योजनाओं और सेवाओं का लाभ घर बैठे मिल सके।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## BJP OBC मोर्चा से मुलाकात

(दिनांक 05.10.2021)



**विषयः BJP OBC मोर्चा से मुलाकात।**

**प्रभावः** BJP OBC मोर्चा के पदाधिकारियों ने आज चण्डीगढ़ में माननीय मुख्यमंत्री जी से मुलाकात कर उनका धन्यवाद किया और आभार प्रकट किया। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने सभी से 10–10 गरीब परिवारों की सूची बनाने का आग्रह किया ताकि उन परिवारों के उत्थान के लिए कार्य किया जा सके। इसके साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी ने स्किल यूनिवर्सिटी और मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना का जिक्र करते हुए कहा कि न तो हम किसी को भी कौशल से वंचित होने देंगे और न ही अब पिछड़ा रहने देंगे। हर अंतिम व्यक्ति का विकास ही हमारा लक्ष्य है।

## हरियाणा सत्त्त विकास सूचकांक (SDG Index) विमोचन

(दिनांक 05.10.2021)




**विषयः हरियाणा सत्त्त विकास सूचकांक (SDG Index) विमोचन।**

**प्रभावः** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने नीति आयोग द्वारा आयोजित समारोह में हरियाणाा सत्त्त विकास सचूकांक को जारी किया।

- इस सूचकांक के माध्यम से हरियाणा के प्रत्येक जिले में हो रहे विकास कार्यों का आंकलन किया जा सकेगा और उनकी समीक्षा की जा सकेगी।
- इसके द्वारा जिलों में विकास कार्यों को करने और आगे बढ़ने के लिए एक स्वरूप प्रतिस्पर्धा की शुरूआज हो सकेगी।
- इसके द्वारा विभिन्न जिलों में चल रहे विकास कार्यों और प्रोजेक्ट की गति पर भी नजर रखी जा सकेगी।

गौरतलब है कि नीति आयोग द्वार जारी 2020–21 के सत्त्त विकास सूचकांक में हरियाणा सबसे तेजी से आगे बढ़ने वाला राज्य घोषित हुआ है।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## विधायकों से मुलाकात

(दिनांक 05.10.2021)

**विषय: विधायकों से मुलाकात।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने अपने साप्ताहिक कार्यक्रम के तहत विभिन्न हल्कों के विधायकों के साथ चण्डीगढ़ स्थित अपने आवास पर मुलाकात की और उनकी समस्याओ ं को समाधान कर हल्के में चल रहे कार्यों की समीक्षा की।

## BJP अनुसूचित जाति मोर्चा से मुलाकात

(दिनांक 06.10.2021)




**विषय: BJP अनुसूचित जाति मोर्चा से मुलाकात।**

**प्रभाव:** आज पार्टी के अनुसूचित जाति मोर्चा के पदाधिकारियों ने माननीय मुख्यमंत्री जी से चण्डीगढ़ स्थित उनके आवास पर मुलाकात कर सरकार द्वारा अनुसूचित वर्ग के लिए किए जा रहे कार्यों और योजनाओं के लिए माननीय मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद और आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि पार्टी के हर एक कार्यकर्ता को सरकार की योजनाओं की जानकारी होनी चाहिए जिससे की वह जनता तक उन योजनाओं का लाभ पहुंचाने में अपना सहयोग प्रदान कर सके।

इसके साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी ने आवास और मकान मरम्मत योजना की शिकायत के लिए स्पेशल सेल ओर लाल डोरे से बाहर रह रहे लोगों के लिए भी रजिस्ट्री संबंधी योजना बनाने का आवहान किया।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## माता मनसा देवी बोर्ड की बैठक

(दिनांक 06.10.2021)



**विषय: माता मनसा देवी बोर्ड की बैठक।**

**निर्णय:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में माता मनसा देवी बोर्ड की बैठक सम्पन्न हुई। इसमें विधानसभा स्पीकर ज्ञानचंद गुप्ता जी, स्वास्थ्य और गृह मंत्री श्री अनिल विज जी भी मौजूद रहे। बैठक में निम्न निर्णय लिए गएः–

- बोर्ड को वित्त वर्ष 2021–22 के तहत 78 करोड़ रूप्ये की स्वीकृति दी गई।
- पूरा स्थल और विकास कार्यों को गति देने के लिए बोर्ड के अधिकारियों की वित्तीय शक्तियों को बढ़ाने की भी मंजूरी प्रदान की गई।
- माता मनसा देवी स्थल पर पार्किंग के लिए उचित स्थान बनाने का निर्णय लिया गया।
- माता मनसा देवी प्रवेश स्थल पर सिंह द्वार के निर्माण के लिए योजना बनाने का निर्णय लिया गया।

## स्किल डेवलपमेंट मिशन की समीक्षा


(दिनांक 06.10.2021)



**विषय: स्किल डेवलपमेंट मिशन की समीक्षा।**

**निर्णय:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने स्किल डेवलपमेंट मिशन के तहत चल रहे कार्यों की समीक्षा की जिसके तहत निर्णय लिया गया कि :–

- विभिन्न विभागों मे अलग–2 चल रहे स्किल डेवलपमेंट के कार्यों को स्किल डिवलपमेंट मिशन के माध्यम से ही करवाया जाएगा।
- विश्वकर्मा कौशल यूनिवर्सिटी स्किल ट्रेनिंग सेंटरों की गुणवत्ता और निगरानी के कार्य को सुनिष्चित करेगी।
- सभी स्किल प्राप्त करने वाले लोगों को परिवार पहचान पत्र से जोड़ा जाएगा।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

- स्किल प्राप्त करने के बाद लोगों को उचित रोजगार मिल सके इसके लिए स्किल डेवलपमेंट मिशन के अधिकारी रोजगार के अवसर उपलब्ध हों यह सुनिष्चित करेगें।
- इंजिनियरिंग कॉलेज, इण्डस्ट्री और आई.टी.आई. को भी ट्रेनिंग सेंटरों के रूप में स्किल डेवलपमेंट मिशन से जोड़ा जाएगा।


## AICTE सक्षम स्कॉलरशिप वितरण समारोह

(दिनांक 06.10.2021)



**विषय:** AICTE सक्षम स्कॉलरशिप वितरण समारोह।

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने AICTE की ओर से बालिकाओं को तकनीकी कोर्स के लिए दी जाने वाली स्कॉलरशिप वितरण समारोह में विडियों कांफ्रेंस के माध्यम से भाग लिया और स्कॉलरशिप पाने वाली बालिकाओं को शुभकामनाएं दी। इस स्कॉलरशिप के तहत तकनीकी डिग्री या डिप्लोमा कोर्स के लिए सालाना 50,000 रूप्ये की राशि स्कॉलरशिप के रूप में प्रदान की जाती है। इसके साथ ही AICTE सक्षम स्कॉलरशिप के तहत दिव्यांग बच्चों को भी सालाना 50,000 रूप्ये की राशि तकनीकी शिक्षा के लिए प्रदान की जाती है। इस साल यह कुल मिलाकर हरियाणा के 280 बच्चों को प्रदान की गई। जो विभिन्न सरकारी कॉलेजों में पढ़ने वाले और गरीब परिवारों से संबंधित बच्चे हैं।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

इस मौके पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने स्कॉलरशिप पाने वाले कई बच्चों से भी संवाद किया आरै उनके हौसले और प्रेरणा को सराहा। माननीय मुख्यमंत्री जी ने इस अवसर पर कहा कि यह स्कॉलरशिप गरीब परिवारों से आने वाले बच्चों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। वह स्वयं भी स्कॉलरशिप लेकर ही अपनी शिक्षा पूरी कर पाए थे। इसके साथ ही उन्होंने AICTE के प्रबंधन से भी आग्रह किया कि ज्यादा से ज्यादा जरूरतमंद लोगों को यह स्कॉलरशिप मिल सके इसके लिए हमें प्रयास करना चाहिए।

## नए डी.सी. रेट तय

**विषय: नए डी.सी. रेट तय।**

**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी के आदेशानुसार अब पूरे हरियाणा में नए डी.सी. रेट तय किए गए हैं। जिससे अलग–2 लोगों को मिल रहे डी.सी. रेट की अनियमितता और असमानता दूर होगी।

- इसके लिए पूरे हरियाणा को तीन जोन में बांटा गया है। A, B & C कैटेगिरी में। जहां जीवन यापन जितना महंगा वहां उतना रेट।
- अब अनुभव के आधार पर डी.सी. रेट मिलेगा जो पहले सबको एक समान दिया जाता था।
- हर साल डी.सी. रेट में 5 प्रतिशत की सालाना बढ़ोतरी होगी जो पहले नहीं होती थी।

इससे न केवल डी.सी. रेट में समानता आएगी बल्कि डी.सी. रेट पर कार्य करने वालों को भी सीधा लाभ होगा और कार्य की गुणवत्ता में भी सुधार होगा।